आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 11.05.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच नागरिकों से एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने, ईंधन की खपत कम करने और विदेशी मुद्रा संरक्षित करने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य की जनता प्रधानमंत्री के आह्वान को जन आंदोलन का रूप देगी।
- प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं और पर्यटकों से राज्य में प्रतिकूल मौसम के बीच सतर्क रहने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की।
- संस्कृत शिक्षा, सचिव दीपक कुमार गैरोला ने अल्मोड़ा जिले के आदर्श संस्कृत ग्राम जैंती–पांडे कोटा का निरीक्षण किया। संस्कृत शिक्षा और उससे जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ली।

**प्रधानमंत्री अपील**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केंद्र सरकार के प्रयासों के कारण भारत पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न ऊर्जा संकट का प्रभावी ढंग से प्रबंधन कर रहा है। श्री मोदी ने तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक जनसभा में नागरिकों से एक वर्ष के लिए पेट्रोल और डीजल के संयमित उपयोग, अनाश्यक विदेशी यात्रा से बचने, सोने की खरीदारी नहीं करने और स्थानीय वस्तुओं को प्राथमिकता देने जैसे उपाय अपनाने की अपील की।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से की गई अपील केवल आर्थिक बचत के लिए नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए ऊर्जा संसाधनों की बचत हम सभी का सामूहिक उत्तरदायित्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि के नागरिक हमेशा राष्ट्र हित में अग्रणी रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य की जनता प्रधानमंत्री जी के आह्वान को जन आंदोलन का रूप देगी। श्री धामी ने कहा कि वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी सफल होगा, जब हर नागरिक अपने स्तर पर योगदान दें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और सभी नागरिकों की सहभागिता से ये संकल्प और अधिक मजबूत होगा।

## कार्डिक ओपीडी– देहरादून

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को गांव और कस्बों तक पहुंचाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रभावी कदम उठा रहा है। राजधानी देहरादून में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त पहल से अब हृदय रोग के मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही विशेषज्ञ परामर्श और जांच की सुविधा मिलने लगी है। इससे दूर–दराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को दून और कोरोनेशन अस्पताल के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। देहरादून के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि प्रेमनगर और रायपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ हृदय रोग ओपीडी शुरू की गई हैं। प्रेमनगर सीएचसी में प्रत्येक बुधवार और रायपुर सीएचसी में प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक हृदय रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच और परामर्श दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को राहत मिल रही है, बल्कि दून अस्पताल और कोरोनेशन अस्पताल पर बढ़ते मरीजों के दबाव को कम करने में भी मदद मिलेगी।

पछवादून और परवादून क्षेत्र के लोगों को अब हृदय संबंधी परामर्श और उपचार के लिए शहर के बड़े अस्पतालों में नहीं जाना पड़ रहा है। देहरादून निवासी नीरज डबराल ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गरीब और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए यह व्यवस्था बेहद लाभकारी साबित हो रही है।

## स्कूल नोटिस

नैनीताल जिले में निजी विद्यालयों द्वारा महंगी पुस्तकें और अतिरिक्त शुल्क के मामलों पर जिला प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने 12 और निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। इसके साथ ही अब तक नोटिस पाने वाले विद्यालयों की संख्या बढ़कर 101 हो गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में की जा रही है। विद्यालयों को 15 दिन के भीतर संशोधित पुस्तक सूची जारी कर एनसीईआरटी पुस्तकों को प्राथमिकता देने, विक्रेता विशेष की बाध्यता समाप्त करने, वेबसाइट पर शुल्क संरचना और बुक लिस्ट सार्वजनिक करने तथा अतिरिक्त वसूली गई धनराशि का समायोजन या वापसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## चारधाम यात्रा

प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं और पर्यटकों से राज्य में खराब मौसम की स्थिति के बीच सतर्क रहने तथा सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है। मौसम विभाग ने कल और परसों, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश और प्रतिकूल मौसम की संभावना को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों से यात्रा के दौरान मौसम की ताज़ा जानकारी रखने और सावधानी के साथ यात्रा कार्यक्रम तैयार करने का आग्रह किया है। श्रद्धालुओं से खराब मौसम को देखते हुए 12 और 13 मई को यात्रा कार्यक्रम तैयार करते समय अधिक सजग रहने की अपील की गई है। साथ ही यात्रा के दौरान प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार चारधाम यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां और व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सचिव निरीक्षण

संस्कृत शिक्षा विभाग के सचिव दीपक कुमार गैरोला ने अल्मोड़ा जिले में ताड़ीखेत विकासखंड के आदर्श संस्कृत ग्राम जैंती– पांडे कोटा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गांव में संचालित संस्कृत शिक्षा और उससे जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए संस्कृत भाषा और संस्कृति के संरक्षण में उनके योगदान की सराहना की। सचिव ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा की मूल आधारशिला है। संस्कृत के प्रचार–प्रसार के लिए सरकार की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं के लिए संचालित संस्कृत शिक्षा कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए कहा कि संस्कृत शिक्षा बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास और सांस्कृतिक जागरूकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## परीक्षा सुधार आवेदन

उत्तराखंड बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र परीक्षाफल सुधार परीक्षा के लिए 24 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उत्तराखंड बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि परीक्षाफल सुधार परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आठ मई से शुरू हो चुकी है और 24 मई तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि छात्र आवेदन पत्र 20 मई तक जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालयों को ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए 24 मई तक का समय दिया गया है। श्री सिमल्टी ने बताया कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10वीं परीक्षा में अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को परीक्षा सुधार में शामिल होने का अवसर मिलेगा। जबकि 12वीं में एक विषय में अनुत्तीर्ण छात्र अंक सुधार परीक्षा दे सकते हैं।

## टैक्सी यूनियन

पिथौरागढ़ जिले में आदि कैलाश यात्रा के बीच धारचूला में स्थानीय टैक्सी यूनियन और व्यापारियों द्वारा प्रस्तावित चक्काजाम फिलहाल टल गया है। तहसील प्रशासन और परिवहन विभाग के साथ हुई बैठक में अधिकारियों द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद यूनियन ने आज प्रस्तावित चक्काजाम को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

धारचूला तहसील में आयोजित बैठक में स्थानीय टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने बाहरी राज्यों से आने वाली टैक्सियों के संचालन पर नाराजगी जताई। यूनियन का कहना था कि बाहरी टैक्सियों के कारण स्थानीय टैक्सी संचालकों, व्यापारियों और होमस्टे संचालकों के रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष परवेश नबियाल ने बताया कि परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। एआरटीओ अभिनव गड़कोटी ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा तवाघाट चौराहे पर बाहरी राज्यों से आने वाली टैक्सियों की सघन जांच की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले निजी वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की जाएगी।